कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / मा / खेलकूद / एस.पी.सी / 2019–20 / दिनांक 04/09/19

ईमेल आईडी : sec.sports.spc2019@gmail.com

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक (मुख्यालय) शिक्षा

विषय :– स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट (S.P.C) योजना के अन्तर्गत "पुलिस अपराध की रोकथाम एवं नियंत्रण " की प्रगति रिपोर्ट एंव कार्य योजना भिजवाने संबंध में।

प्रसंग :– अति.महानिदेशक पुलिस (कम्यूनिटी पुलिसिंग) राजस्थान जयपुर के पत्रांक 635 दिनांक 26.08.2019

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट (S.P.C) योजना के अन्तर्गत जारी हैण्डबुक के प्रथम अध्याय में " पुलिस अपराध की रोकथाम एवं नियंत्रण " विषय पर दिये गये प्रशिक्षण की प्रगति रिपोर्ट भिजवाने तथा आगामी विषय " सामुदायिक पुलिसिंग और छात्र " पर कार्य योजना की सूचना आपके जिले की स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट (S.P.C) योजना में चयनित विद्यालयों के संस्था प्रधानों से उपरोक्त सूचना मंगवाकर उनको समेकित तैयार कर ईमेल आईडी अति. पुलिस अधिक्षक (कम्यूनिटी पुलिसिंग), राजस्थान पुलिस एकेडमी, जयपुर की **adgp.communitypolicing@rajpolice.gov.in** एवं उप निदेशक (खेलकूद), माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर की **sec.sports.spc2019@gmail.com** पर निर्धारित समयावधि में प्रेषित करना सुनिश्चित करावें।

इस कार्यालय द्वारा जारी पत्र दिनांक 01.08.19 एवं 07.08.19 के क्रम में अगस्त –2019 माह की स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट (S.P.C) योजना की सूचना **(निर्धारित प्रपत्र 1 एवं 2 में ही)** निश्चित समयावधि में माहवार प्रेषित करने हेतु S.P.C योजना में चयनित संस्था प्रधानों से सूचना प्राप्त कर आप द्वारा समेकित सूचना तैयार कर उपरोक्त दोनों ईमेल आईडी (अति. पुलिस अधिक्षक, आर.पी.ए जयपुर एवं खेलकूद अनुभाग) पर प्रेषित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे। उक्त सूचना कुछ जिलों के द्वारा प्राप्त नही हुई है। अतः आप को पुनः निर्देशित किया जाता है कि चाही गई सूचना तत्काल तैयार कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य सरकार द्वारा संचालित अति महत्वपूर्ण योजना का सफल क्रियान्वयन हो सके।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

www.rajteachers.com

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. निजी सचिव, अति. महानिदेशक पुलिस, (कम्यूनिटी पुलिसिंग) राजस्थान, जयपुर।
02. सिस्टम एनालिस्ट (एस.ए.) कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
03. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को प्रभावी मोनेटरिंग हेतु।
04. स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट (S.P.C) योजना में चयनित 930 राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी,माध्यमिक (मुख्यालय) से जारी निर्देशों की पालना करना सुनिश्चित करें।
05. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर